न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण सख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
237 / 2023	26.06.2023	30.01.2024

उनवान

1. सोहन लाल पुत्र श्री हेमा कीर जाति कीर आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाड़ा (राज0)

–प्रार्थी

बनाम

1. शंकर कीर पुत्र श्री नारायण कीर आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाडा।
2. बालू कीर पुत्र श्री भंवर कीर, आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाडा।
3. राधेश्याम पुत्र श्री भंवर कीर, आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा, तह0 एवं जिला भीलवाडा।
4. अम्बा लाल पुत्र श्री जीतु कीर, आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाडा।
5. शंकर लाल पुत्र श्री नारायण कीर आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाडा।
6. हीरा लाल पुत्र श्री हेमा कीर, आयु वयस्क निवासी कोदूकोटा तह0 एवं जिला भीलवाडा।
7. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाडा तह0 एवं जिला भीलवाड़ा।

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी अशोक खटीक
अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :–

–: निर्णय :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा कोदूकोटा प0ह0 कोदूकोटा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र कोदूकोटा तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 1167 की अभिलिखित आराजियात 941, 948, 949, 950 कुल किता 04 कुल रकबा 1.7703 हैक्टेयर व खाता संख्या 1170 में आराजी नम्बर 952 रकबा 0.0759 हैक्टयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

Ahad
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के समन बाद तामिल प्राप्त होने पर भी नियत पेशी पर आदिनांक को अनुपस्थित रहने से अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 के विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन(पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम,1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा कोदूकोटा प0ह0 कोदूकोटा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र कोदूकोटा तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 1167 की अभिलिखित आराजियात 941, 948, 949, 950 कुल किता 04 कुल रकबा 1.7703 हैक्टेयर व खाता संख्या 1170 में आराजी नम्बर 952 रकबा 0.0759 हैक्टयर हैक्टेयर भूमि फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये व किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 30.01.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा